Title: Need to give appointment to the local unemployed youth in Baroni Oil Refinery.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार) : महोदय, मैं तेल शोधक कारखाना बरौनी, उसके प्रबंध, क्रियाकलाप तथा उसकी प्रमुख समस्याओं की ओर सदन का ध्यान, पैट्रोलियम मंत्री जी का ध्यान तथा प्राइम मिनिस्टर साहब जिनकी दूरदर्शिता के कारण इस तेल शोधक कारखाने का विस्तार हुआ है लेकिन कुछ समस्याओं की ओर माननीय पैट्रोलियम मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं कि बरौनी तेल शोघक कारखाने में जो नई नियुक्तियां हो रही हैं, उसमें स्थानीय शिक्षित बेरोजगार जो कुशल हैं, और अकुशल युवकों को वहां चयनित किया जाये जिससे माननीय परम्पराओं का उल्लंघन न हो।